छत्तीसगढ़ शासन
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर 492002

कमांक : एफ 11–02/2024/10–1/वन, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24/10/2024

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
गृह विभाग, मंत्रालय

2. प्रमुख सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
विधि एवं विधायी कार्य विभाग,
मंत्रालय,

3. प्रमुख सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
(IT) मंत्रालय

4. तकनीकी निदेशक,
एन. आई. सी. मंत्रालय

5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
(CEO)
चिप्स (CHIPS)

6. अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय

विषय :– **Court Case Monitoring System (CCMS)** के संबंध में बैठक/चर्चा।
संदर्भ :– इस विभाग का समसंख्यक पत्र दिनांक 08.10.2024

–––––00–––––

विषयातंर्गत संदर्भित पत्र अनुसार **Court Case Monitoring System (CCMS)** के संबंध में **दिनांक 10.10.2024** में लिये निर्णय/किये जाने वाले कार्यवाही संबंधी कार्यवाही विवरण के बिन्दुओं पर बैठक में लिये गय निर्णय अनुसार संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही किया जाना है।

अतः उक्त बैठक संबंधी कार्यवाही विवरण की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(शैलभ साहू)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पृ.कमांक : एफ 11–02/2024/10–1/वन, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक / /2024

प्रतिलिपि :–

1. अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

एन.आई.सी. राज्य इकाई, रायपुर
No. 2611
Date 24/10/24
N.I.C. STATE UNIT, RAIPUR

श्री मनीष

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

Court Case Monitoring System (CCMS) के संबंध में लिये गये निर्णय/किये जाने वाले कार्यवाही के संबंध में बैठक दिनांक 10.10.2024 का कार्यवाही विवरण

बैठक में उपस्थित अधिकारीगण

1. श्रीमती ऋचा शर्मा	–	अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
2. श्री ध्रुव गुप्ता	–	पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़,
3. श्री शहाबुद्दीन कुरैशी	–	अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग
4. श्री प्रभात मलिक	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स/संयुक्त सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (IT)
5. श्री मनीष कोचर	–	तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी.
6. श्री शैलाभ साहू	–	उप सचिव, समान्य प्रशासन विभाग एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

NIC के द्वारा प्रदत्त **Court Case Monitoring System (CCMS)** को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा गृह विभाग में लागू करने हेतु समन्वय स्थापित करने के लिये बैठक आयोजित की गई। बैठक में चर्चा अनुसार कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

1. महाधिवक्ता कार्यालय बिलासपुर में मानव संसाधन (Data Entry Operator) और उपकरण की पूर्ति सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विधि विभाग के माध्यम से समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। इस हेतु राशि का भुगतान एवं खरीदी की कार्यवाही सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा की जायेगी। **(अपेक्षित कार्यवाही सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग)**
2. महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर में मानव संसाधन की आवश्यकता हेतु कुल कितने संसाधनों (कर्मचारियों) एवं उनकी विशेषज्ञता और कार्यानुभव की जानकारी NIC द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को प्रदाय की जा चुकी है। तदानुसार संयुक्त सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा जानकारी दी गई कि आवश्यक भुगतान किया जा चुका है।
3. महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर में मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु भुगतान पश्चात् NICSI को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा PEF जारी किया जाना है। मानव संसाधन (प्रोग्रामर) उपलब्ध कराने के संबंध में कंपनी का चयन NIC अथवा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग में किसके द्वारा किया जाना है, इस विषय में सहमति नहीं बन पाई है। अतः अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा सुझाव दिया गया NIC के महानिदेशक श्री अमित अग्रवाल से चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया जावेगा।
4. बैठक पश्चात् संयुक्त सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग (IT) के द्वारा अवगत कराया गया है कि महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर में मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु CHIPS मानव संसाधन (प्रोग्रामर) उपलब्ध कराने के संबंध में कंपनी का चयन हेतु NICSI के SOP अनुसार संयुक्त सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग (IT) की अध्यक्षता में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स (CHIPS) एवं NIC के तकनीकी निदेशक श्री मनीष कोचर की समिति गठित की जाएगी। इस संबंध में संयुक्त सचिव, सूचना एवं